# न्यायालय जिला कलेक्टर, टोंक

**(डॉ0 सौम्या झा, आई.ए.एस द्वारा अध्यासित)**

प्रकरण संख्या 07 / 2024

प्रविष्टि दिनांक 30.09.2024

जरिये धर्मचन्द अग्रवाल,प्रर्वतन अधिकारी जिला रसद अधिकारी टोंक

– प्रार्थी

बनाम

मै0 देवनारायण होटल पक्का बंधा टोंक

– अप्रार्थी

**जब्तशुदा 02 घरेलू गैस सिलेण्डर मय एलपीजी आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए के तहत निस्तारण कर राजसात करने बाबत**

उपस्थितः–

1– पेरोकार सरकार – प्रार्थी की ओर से

2– अप्रार्थी – स्वंय उपस्थित

**निर्णय** **दिनांक 26.12.2024**

प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त में सार इस प्रकार है कि दिनांक 19.09.2024 को प्रवर्तन अधिकारीगण बहमराह जिला रसद अधिकारी टोंक के साथ घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग के निरीक्षण/जॉच हेतु संयुक्त जाँचदल के रूप में टोंक शहर देवनारायण होटल, (ढाबा) पक्का बंधा टोंक मौके पर पहुंचे। मौके पर घरेलू सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं व्यवसायिक कार्य हेतु उपयोग एलपीजी (प्रदाय और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का स्पष्ट उल्लघन है।घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण करने के कारण उक्त 2 सिलेण्डर मौके पर जब्त कर निरीक्षण प्रपत्र मय अभिग्रहण एवं सुपुर्दगीनामा तैयार किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है–

(सभी मात्रा किलोग्राम में)

| क0सं0 | एस. आर. नं. | कम्पनी का नाम | मानक भार (मात्रा K.G.) | खाली सिलेण्डर का वजन | सिलेण्डर का वजन तौलने पर | शुद्ध गैस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SI | BPCL | 14.2 | 16.7 | 20.7 | 4.0 |
| 2. | 141620S | BPCL | 14.2 | 15.4 | 15.4 | 00 |
| योग | | | | | | 4.00 |

इस प्रकार मौके पर उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि श्री धर्मराज गुर्जर द्वारा घरेलू गैस सिलण्डरों का दुरूपयोग कर अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। अतः उक्त जब्तशुदा 2 घरेलू गैस सिलेण्डरों मय 4.00 Kg एलपीजी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6 ए के तहत निस्तारित करते हुए,उक्त जब्तशुदा सामग्री को राजसात किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी की गयी। प्रकरण मे पेरोकार सरकार एंव अप्रार्थी की बहस सुनी गई।

पेरोकार सरकार ने दौराने बहस कथन किया कि दिनांक 19.09.2024 को प्रवर्तन अधिकारीगण बहमराह जिला रसद अधिकारी टोंक के साथ घरेलू गैस सिलेण्डरों के व्यवसायिक दुरूपयोग के निरीक्षण/जॉच हेतु संयुक्त जाँचदल के रूप में टोंक शहर देवनारायण होटल, (ढाबा) पक्का बंधा टोंक मौके पर पहुंचे। मौके पर घरेलू सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण एवं व्यवसायिक कार्य हेतु उपयोग एलपीजी (प्रदाय और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का स्पष्ट उल्लघन है।घरेलू गैस सिलेण्डरों का अवैध भण्डारण करने के कारण उक्त 2 सिलेण्डर मौके पर जब्त कर निरीक्षण प्रपत्र मय अभिग्रहण एवं सुपुर्दगीनामा तैयार किया गया। इस प्रकार मौके पर उपस्थित फर्म के प्रतिनिधि श्री धर्मराज गुर्जर द्वारा घरेलू गैस सिलण्डरों का दुरूपयोग कर अवैध रूप से भण्डारण किया जाना पाया गया। जिसके बारे में कोई साक्ष्य उनके द्वारा मौक पर नहीं दिये गये। अतः 2 गैस सिलेण्डर मय छोटी भट्टी को जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित रखने हेतु बुन्देल गैस एजेन्सी टोंक के प्रतिनिधि श्री रिंकू गोयर पुत्र श्री प्रभुलाल गोयर निवासी हीरा चौक टोंक की सुपुर्दगी में दिया जाकर निर्देशित किया गया कि जब भी जहाँ भी राज्य सरकार मांगे प्रस्तुत करे तथा इनको खुर्द–बुर्द नहीं करें। उक्त कृत्य कर एलपीजी (प्रदाय और वितरण का विनियमन) आदेश 2000 का स्पष्ट उल्लघंन किया है। अतः उक्त जब्तशुदा 2 घरेलू गैस सिलेण्डरों मय 4.00 Kg एलपीजी को आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होने से उक्त सामग्री जप्त सरकार कि गई है,जिसे राजसात किया जावे।

अप्रार्थी का कथन है कि प्रकरण का उचित निस्तारण किया जावे।

पेरोकार सरकार की बहस/अप्रार्थी के कथन पर मनन किया एवं पत्रावली का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया गया। फर्द मौका जप्ती दि0 19.09.2024 के अनुसार मै0 देवनारायण होटल पक्का बंधा टोंक कि दुकान/व्यवसाय स्थल की जांच करने पर मौके पर 14.2 KG क्षमता के 02 सिलेण्डर मिले। घरेलू गैस सिलेण्डर को व्यवसायी द्वारा अवैध

रूप से मौके पर व्यवसायिक कार्य मे प्रयुक्त किया जा रहा था। सिलेण्डर का विवरण निम्नानुसार है ।

(सभी मात्रा किलोग्राम में)

| क्0सं0 | एस. आर. नं. | कम्पनी का नाम | मानक भार (मात्रा K.G.) | खाली सिलेण्डर का वजन | सिलेण्डर का वजन तौलने पर | शुद्व गैस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SI | BPCL | 14.2 | 16.7 | 20.7 | 4.0 |
| 2. | 141620S | BPCL | 14.2 | 15.4 | 15.4 | 00 |
| योग | | | | | | 4.00 |

घरेलू गैस के व्यवसायिक कार्यों में दुरूपयोग रोकने की कार्यवाही हेतु जांच दल द्वारा जांच करने पर दुकान/व्यवसाय स्थल पर मौके पर 02 घरेलू गैस सिलेण्डरो का अवैध भण्डारण किया जाना पाया गया। फर्द मौका/जप्ती पर धर्मराज,विनोद तथा रिकू गोयर के हस्ताक्षर है। सुपुर्दगीनामे पर भी धर्मराज,विनोद तथा रिकू गोयर के हस्ताक्षर है तथा बुन्देल गैस एजेन्सी टोंक के प्रतिनिधि श्री रिकू गोयर के हस्ताक्षर है जिनको उक्त सामग्री सुपुर्दगी मे दी गई है।

घरेलू गैस जिस पर सरकार द्वारा समय–समय पर सब्सिडी दी जाती है को मौके पर व्यवसायी द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डर का भण्डारण, अवैध रूप से व्यवसायिक कार्य कर दुरूपयोग किये जाने से उक्त कृत्य कर एलपीजी आदेश 2000 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। अतः उक्त सामग्री को राजसात किया जाना उचित प्रतीत होता है।

फलतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा जब्तशुदा 02 नग उक्त वर्णित घरेलू रसोई गेस सिलेण्डर मय 4.00 किलोग्राम को राजसात किया जाता है। जिला रसद अधिकारी टोंक को निर्देशित किया जाता है कि जब्तशुदा सामग्री का नियमानुसार निस्तारण करे।

निर्णय आज दिनांक 26.12.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. सौम्या झा)
जिला कलेक्टर, टोंक